an>

Title: Need to administer Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Sciences Lucknow, Uttar Pradesh by Union Government.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस अस्पताल की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इस अस्पताल में भारत के अन्य राज्यों सहित विभिन्न देशों के निवासी भी अपने बीमार लोगों का इलाज कराने हेतु यहां आते हैं। इस अस्पताल में दिल्ली के एम्स अस्पताल की ही भांति आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं किन्तु यह अस्पताल उत्तर प्रदेश सरकार के नियंत्रण में संचालित है। उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण सहयोग न मिलने के कारण यहां के स्टाफ, कर्मचारियों व अधिकारियों सहित यहां के डाक्टरों को भी कई कठिनाइयों एवं दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उदाहरणस्वरूप, यहां ट्रामा सेंटर का निर्माण हो जाने के बाद भी अभी तक उसे शुरू नहीं किया गया है। साथ ही इस अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद यहां रिसर्च एवं बेहतर इलाज करने वाले डाक्टरों के अनेक पद रिक्त हैं। ऐसे ही कई अन्य अस्पताल भी हैं जिनमें सुविधाएं हैं तो डाक्टर नहीं, डाक्टर हैं तो सुविधाएं नहीं, जिससे ये अस्पताल भी बर्बादी की राह पर हैं और मरीजों को आवश्यक उपचार से वंचित होना पड़ रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस अस्पताल की अति आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के अनापत्ति प्रमाण-पत्र से केन्द्र सरकार इसका संरक्षण अपने नियंत्रण में ले जिससे केन्द्र से मिलने वाली अन्य चिकित्सा सुविधाओं का लाभ समयानुसार जनता को मिल सके।